परिशिष्ट [21/3/2023]

प्रश्न सं. [क्र. 3337]

कार्यालय संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास
रीवा संभाग रीवा (म0प्र0)

फोन नम्बर 07662-252078, फैक्स नम्बर 07662-242783, ई-मेल zmagrirew@mp.gov.in

आदेश क्रमांक / 280
दिनाँक 14-11-2022

:: आदेश ::

संचालक कृषि अभियांत्रिकी, म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक/तक./अनु.जाति/2022-23/2272-73 भोपाल दिनांक 04.11.2022 के परिपालन में उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सतना द्वारा आदर्श ग्राम अंतर्गत बी.पी.एल. श्रेणी के अनुसूचित जाति के कृषकों को हस्तचलित/बैलचलित कृषि यत्रों की किट राशि रूपये 10,000/- तक के कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर इन्द्राज किये गये कृषकों द्वारा सहमति प्राप्त कर उनके मांग अनुसार चिन्हित कृषि यंत्रों को निःशुल्क वितरण करने का प्रावधान है। जनप्रतिनिधियों एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित शिकायत के आधार पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 10.11.2022 को आपके कार्यालय में कार्यालयीन समय में कुछ चयनित हितग्राहियों के अभिलिखित कथन लिये गये, जिनमें पाया गया कि आवेदन पत्र (मांग पत्र) अनुसार कृषि यंत्रों का वितरण न किये जाने से कृषकों द्वारा लेने से इंकार किया गया है, जिससे आपकी कार्य प्रणाली स्वेच्छाचारिता प्रतीत होती है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि पूर्व में कृषकों से प्राप्त आवेदनों को निरस्त करते हुये नये सिरे से आवेदन पत्र प्राप्त कर कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल में चाही गई यंत्रों को अपलोड कराना सुनिश्चित करें साथ ही भण्डार क्रय नियमो का पालन करते हुये कृषि यंत्रों का भण्डारण/वितरण जनप्रतिनिधियों के समक्ष करना सुनिश्चित करें, शासकीय कार्य में लापरवाही का कारण स्पष्ट करते हुये 07 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करना सुनिश्चित करें।

अतः कृषक के बगैर मांग के जारी कृषकों की सूची एतद द्वारा निरस्त किया जाता है साथ ही पुनः नये सिरे से हितग्राहियों से मांग पत्र प्राप्त कर यंत्रों की सूची पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

14/11/2022
संयुक्त संचालक
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
रीवा, संभाग रीवा (म0प्र0)

क्रमांक/अ-1/स्था./शिका./विविध/04/2022/1704
रीवा, दिनाँक 14-11-2022

प्रतिलिपि,
1- संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, म.प्र. भोपाल।
2- संचालक कृषि अभियांत्रिकी, म.प्र. भोपाल की ओर आपके संदर्भित पत्र के संदर्भ में सादर सूचनार्थ।
3- उप संचालक (नाम से) किसान कल्याण तथा कृषि विकास सतना की ओर उपरोक्तानुसार पालनार्थ।

पृष्ठ -01

14/11/2022
संयुक्त संचालक
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
रीवा, संभाग रीवा (म0प्र0)

सहायक कृषि यंत्री
कृषि अभियांत्रिकी भोपाल